हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 25 जनवरी 2024

04 बेटियां बड़े सपने देखकर उन्हें साकार करने का...



07 परिषद की बैठक में महिला पार्षद की परिषद...





## खबर संक्षेप

### मंडल परीक्षा 2024 के लिए प्रशिक्षण 27 को

**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य के आदेशानुसार निहित कार्यवाही अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा 2024 के लिए केन्द्राध्यक्ष, सहा. केन्द्राध्यक्ष एवं नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे पदमाकर सभागार मोतीनगर में आयोजित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने सभी से निर्धारित समय पर प्रशिक्षण के लिये उपस्थित होने को कहा है।

### गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को शुष्क दिवस

**सागर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी शुक्रवार को जिले में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक आर्य के द्वारा जारी किए गए है। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी शुक्रवार को सागर जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानो से मदिरा विक्रय एवं मद्य भण्डागारो से मदिरा परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। संबंधितों को जारी आदेश का कढाई से पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है।

### भारतीय वायु सेना भर्ती रैली में आवेदन की अंतिम तिथि 6 फरवरी

**सागर।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) भर्ती रैली के लिए आवेदक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर आनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2024 की रात्रि 11 बजें तक है। ऐसे आवेदक जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 (दोनो तिथिया सामिल करते हुये) के मध्य हुआ है वे आवेदक भर्ती रैली के लिए पंजीयन करा सकते है। आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता तथा शरीरिक योग्यता से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी दी गई वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज दिलाई जाएगी मतदाता जागरूकता शपथ

**सागर।** 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई जाएगी। स्थानीय रविंद्र भवन बस स्टैंड के पास में प्रातः 11 बजे शपथ कार्यक्रम होगा। अधिकारी और कर्मचारी शपथ लेंगे कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए, निर्भीकक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाता दिवस के अवसर पर पंचायत, नगरी निकाय एवं विधानसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली अधिकारी कर्मचारीओ को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

**सागर।** महिला एवं बाल विकास सागर शहरी 02 के अतर्गत शास्त्री वार्ड संतकबरराम वार्ड, भगवानगंज वार्ड, विठ्ठलनगर वार्ड, रविशकर वार्ड मोहननगर वार्ड, अम्बेडकर वार्ड आदि समस्त वार्डो के शासकीय एवं अशासकीय विधालयों में "राष्ट्रीय बालिका दिवस बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी परियोजना अधिकारी साधना खटीक के द्वारा बालिकाओं के लिए शासन की समस्त विभागीय योजनाओं, लाभों की जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्होंने पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, साफ-सफाई, माहवारी स्वच्छता, किशोरावस्था, बाल विवाह, शिक्षा, लिंग अनुपात, बालिका भेदभाव के बारे में बालिकाओं से परिचर्चा की।


---

### बहु दिव्यांग रजत सोनी को आज मुख्यमंत्री देंगे नियुक्ति पत्र : मनोज नेमा

# दृढ़ इच्छा शक्ति, संकल्प, तपस्या मन में हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं, प्रतिभा के सामने नतमस्तक बहुदिव्यांगता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दृढ़ इच्छा शक्ति, संकल्प, तपस्या मन में हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं, प्रतिभा के सामने नतमस्तक हुई बहुदिव्यांगता, यह बात सागर निवासी एवं नायब तहसीलदार रजत सोनी की कर रहे हैं, जिनका मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग में चयन हुआ है। रजत सोनी को 25 जनवरी 2024 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में नियुक्त-पत्र प्रदान करेंगे।



बात करें रजत सोनी की ,जो कि बचपन से ही बहु दिव्यांग है किंतु सोनी ने कभी भी हार नहीं मानी और लगातार अपनी इच्छा शक्ति, तपस्या एवं संकल्प को आगे रखते हुए निरंतर आगे बढ़ते ही रहे। रजत सोनी सर्वप्रथम सागर के महिला पॉलिटेक्निक में टेक्नीशियन सहायक के रूप में पदस्थ हुए, किंतु सोनी का संघर्ष लगातार जारी रहा और इसी संघर्ष के चलते उन्होंने नायब तहसीलदार का पद हासिल किया। किंतु इनका सपना कुछ और ही था वे लगातार सपने देखते रहे और अपना कार्य करते रहे और आज सोनी जिला संयोजक अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग में जिला अधिकारी के पद पर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित हुए हैं।

सोनी ने बताया कि उनका लक्ष्य अभी और आगे बढ़ने का है। सभी परिस्थितियों अनुकूल रही और शरीर ने साथ दे दिया तो वह कलेक्टर के पद पर भी जाना चाहते हैं। रजत सोनी बचपन से ही बहुदिव्यांगता की चुनौती के साथ संघर्ष करते हुए प्राथमिक विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर सागर से अध्ययन किया। स्कूल की शिक्षा चुनौती पूर्ण वातावरण में पूर्ण करने के बाद एडिना इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी सागर से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान दुर्घटना में आंखों में क्षति हुई फिर भी राज्य सेवा परीक्षा के निरंतर प्रयास करते रहे। वर्ष 2014 में सहोद्रा राय शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर चयनित हुआ। सेवा में रहते हुए अध्ययन कार्य जारी रखा। 2013 - 2017 के साक्षात्कार के उपरांत 2018 की एमपीपीएससी के माध्यम से नायब तहसीलदार के पद पर सागर जिले में पदस्थ हुए एवं डिप्टी कलेक्टर के पद के लिए निरंतर प्रयास करते हुए एमपीपीएससी 2019 की परीक्षा के माध्यम से जिला संयोजक अनुसूचित जाति कार्य एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग में जिला अधिकारी के पद पर नियुक्त हुये 25 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कर कमलो द्वारा नियुक्ति पत्र दिये जाएंगा। रजत सोनी को राष्ट्रीय दिव्यांगता पुरस्कार 2019 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा प्रदान किया गया था ।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को द्वितीय अपर-सत्र न्यायाधीश, देवरी जिला-सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा-376 (क)(ख) के तहत आजीवन कारावास एवं दस हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा-376 (2)(एफ) के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पॉच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा पॉक्सों एक्ट की धारा-5/6 के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं दस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी वृंदा चौहान ने की ।



घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 06 जनवरी 2023 को पीडिता की मां ने पुलिस थाना में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि लगभग एक साल पहले उसका और अभियुक्त का आपसी विवाद होने से वह अपनी तीन संतानों में से 8 वर्षीय बडी पुत्री (पीडिता) तथा छोटे पुत्र को लेकर इंदौर चली गयी थी, जिसके पश्चात अभियुक्त इंदौर आया और इंदौर में उसके साथ विवाद कर उसे छोडकर उसके दोनों बच्चों को अपने साथ लेकर आ गया। इसके लगभग 06 माह बाद मोबाईल से उसे पीडिता का फोन आया और उसने कहा कि उसे यहां से ले जाओ, उसे आरोपी के साथ नहीं रहना, तब उसने दोनों बच्चों को अपने पास बुलवा लिया जहां पीडिता ने उसे बताया कि घर में रात के समय अभियुक्त उसके साथ गलत काम करता था, बदनामी के कारण उसने यह बात किसी को नहीं बतायी । उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना द्वारा 376(ए)(बी), 376(2)(च),376(2)(एन) भा.दं.सं. एवं धारा 3/4, 5/6 पाक्सो एक्ट का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहॉ विचारण उपरांत द्वितीय अपर-सत्र न्यायाधीश, देवरी जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया है।

## रहली नगरपालिका को मिला स्कॉच अवार्ड, नपा अध्यक्ष ने जताया हर्ष

**रहली।** गणतंत्र दिवस से पूर्व रहली नगरपालिका के खाते में एक और उपलब्धि दर्ज हो गयी है जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना में रहली नगरपालिका को प्रधानमंत्री आवास योजना में बेहतर कार्य करने पर इस अवार्ड से नवाजा गया है। नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने अवार्ड मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह रहली नगर के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इसका श्रेय विधायक गोपाल भार्गव के मार्गदर्शन और भरपूर सहयोग देने तथा अधिकारियों कर्मचारियों की अथक मेहनत का परिणाम बताया। नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने बताया कि स्कॉच अवार्ड नेशनल लेवल का अवार्ड हैं जो की इंडिया के विभाग जो की अपने सेक्टर में बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं उनको सम्मानित किया जाता है। जिनका मूल्यांकन 4 चरणो मैं होता हैं पहला प्रोजेक्ट का मूल्यांकन ,प्रगति को देख कर दूसरा फेस टू फेस सेशन लेकर , तीसरा चरण ऑनलाइन वोटिंग की जाती हैं जिसमें नगर पालिका परिषद रहली को कुल प्राप्तांक 1500 मैं से 1375 अंक प्राप्त हुए, ओर चतुर्थ चरण एक्सपर्ट पैनल जो की प्रोजेक्ट को पूर्ण रूप से मूल्यांकन करते हैं। रहली नगर पालिका परिषद में प्रधान मंत्री आवास योजना मैं अभी तक कुल 3673, 84% मकान समय सीमा मैं पूर्ण कराए है स्कॉच अवार्ड में सागर संभाग की तीन नगर पालिका, परिषद रहली, खुरई, शाहगढ़ क्वालीफाई थी, जिस में से यह एक्स्पर्ट पैनल में फाइनल हो कर रहली नगर पालिका को सम्मानित किया गया। यह अवार्ड जल जीवन मिशन आसाम, पटना स्मार्ट सिटी, एवं राजस्थान पुलिस को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है।



SKOCH GROUP

SEMI-FINALIST
SKOCH ORDER OF MERIT

This is to certify that
Pradhan Mantri Awas Yojna
Nagar Palika Rehli
has qualified the Semi-Finals of SKOCH Award 2023

Sameer Kochhar, Chairman, SKOCH Group

## यदि बेटी शिक्षित होगी तो सारा समाज भी शिक्षित होगा बेटी जन्मदात्री ही नहीं चरित्र निर्मात्री भी होती है: महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग ब्रजेश त्रिपाठी के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संजीव दुबे ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन पढ़ा। अतिथियों ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के पोस्टर पर हस्ताक्षर किये। मुख्य अतिथि लीगल राईट फाउंडेसन की चेयर पर्सन अनु. श्री शैलेन्द्र जैन ने कहा कि एक लड़की एक बेटी हमेशा समाज के लिए आशीर्वाद रही है और इस संसार में जीवन की निरंतरता का द्योतक है। बेटियों के पोषण शिक्षा, जीवन शैली को महत्वपूर्ण आयाम देने के लिए हमें अपनी बेटियों को बेटे के समान ही लालन पालन करना चाहिए। देश की आधी आबादी को पुरुषों के समान ही अधिकार मिले तभी वास्तविक विकास की धारा बहेगी।





अध्यक्षता कर रहीं महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि बेटियां दो कुलों की रौनक होती है। जब वह पिता के पास रहती है तो उस कुल का मान सम्मान बढ़ाती है और जब पति कुल में जाती हैं तो उस कुल का मान सम्मना बढ़ाती है। यदि बेटी शिक्षित होगी तो सारा समाज भी शिक्षित होगा। बेटी जन्मदात्री ही नहीं चरित्र निर्मात्री भी होती है। एक शिक्षित बेटी पूरे परिवार को शिक्षा देती है।विशिष्ट अतिथि उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने कहा कि जब एक पुरुष शिक्षित होता है तो वह अकेला शिक्षित होता है लेकिन जब एक बेटी शिक्षित होती है तो वह पूरे समाज में शिक्षा की रोशनी फैलाती है। बेटिया समाज की एक सुसंस्कृत एवं संस्कारवान समाज व राष्ट्र के निर्माण के लिए बेटियों को पढ़ाना व उनकी सुरक्षा करना समाज का कर्तव्य है।



## 78 रोगियों का निःशुल्क परामर्श व परीक्षण

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 125 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 78 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श डॉ. राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। योग परामर्श, आयुर्वेद एवं आहार का आयुर्वेद संबंधित सामग्री निःशुल्क वितरित की गई शिविर में रजाखेड़ी, मकरोनिया, बहेरिया, पथरिया जाट, विश्वविद्यालय एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए, शिविर में आयुर्वेद आहार एवं मधुमेह साहित्य का वितरण किया गया। इस शिविर में अरविंद गोस्वामी, सचिन जैन, दीपक मिश्रा, आर.के. रावत, वीरेन्द्र गोस्वामी, सोनू साहू, सत्येश शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। शिविर का आयोजन शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, 5 सिविल लाइंस सागर में किया गया । आगामी शिविर का आयोजन 28 फरवरी को किया जायेगा।

## अयोध्या में रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर शहर के कई मंदिरों में दीप प्रज्वलित किए गए : डॉ. अनिल तिवारी

**सागर।** भगवान श्री रामलला जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के शुभअवसर पर डॉ अनिल तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी एवं स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति द्वारा राम लला की प्रतिष्ठा के मुहूर्त में सागर के मंदिरों में महिलाओं के आत्मनिर्भर सागर स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित गाय की गोबर से बनी हुई धूपबत्तियां और गाय घी से बनी हुई बत्तियां के दीप ज्योति किट भेंट करके प्रतिष्ठा महूत एवं संध्या काल में दीप प्रज्वलित करने का आग्रह किया गया। स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय की आत्मनिर्भर अभियान टीम ने मंदिरों में दीप पहुंचने का पुण्य कार्य किया आज की प्रतिष्ठा पर रुको दीपावली की भांति मनाने के लिए समस्त सनातन प्रेमियों का वंदन अभिनंदन किया गया तथा दीप उत्सव टीम का प्रतिनिधित्व स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय की आत्मनिर्भर कार्यक्रम संयोजक अनिल सेन, मृदूल पन्या, ज्योति गौतम, सुमन तिवारी, अर्चना नामदेव, रोशनी अहिरवार, ऋचा रैकवार, वर्षा रैकवार, गीता राजपूत, लक्ष्मी निरंनजनी द्वारा संपन्न किया गया।

## युवा मोर्चा करेगा नमो नव मतदाता सम्मेलन

**सागर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिले की सभी विधानसभा में नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन आज होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल ने बताया कि नमो नव मतदाता सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले में आयोजित इस नमो नव मतदाता सम्मेलन के माध्यम से नव मतदाताओं को पार्टी की रीति नीति से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली नव मतदाताओं को संबोधित करेंगे। सागर विधानसभा में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद राजबहादुर सिंह और विधायक शैलेंद्र जैन शामिल होंगे। इस तरह जिले की अन्य विधानसभा खुरई में पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह, देवरी में विनीत पटैरिया, बंडा में वीरेंद्र सिंह लोधी, सुरखी में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता शामिल होंगे।



## विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का किया आयोजन

**रहली।** शासकीय माध्यमिक शाला पटना ककरी में बुधवार को विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें 174 विज्ञान मॉडल प्रदर्शन किया गया । बीआरसी आरडी अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार विकासखंड स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जिसमें रहली विकासखंड के समस्त जन शिक्षा केंद्र से 174 विज्ञान मॉडल का छात्रों द्वारा प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे सुबह से शाम 4:00 बजे तक सम्पन्न हुआ। आयोजित विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी कार्यक्रम में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, एकल गायन, एकल नाटिका विधाओं में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इन प्रतिभागियों में से चयनित छात्र-छात्राओं को जिले स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने भेजा जाएगा । आयोजित मॉडल प्रदर्शनी में बीआरसी आरडी अहिरवार के साथ शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य अरुणा शास्त्री ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया, साथ ही विकासखंड के अभिभावकों के साथ शिक्षकों एवं जन शिक्षकों ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और सराहना की। इस अवसर पर प्रदर्शनी प्रभारी कमल जैन, बीएसी एन एल अहिरवार, संस्था प्रभारी धर्मेंद्र तिवारी, चयन समिति में दीपक मिश्रा, घनश्याम दुबे पवन पांडे, इमरान खान, मंनोज मिश्रा रहे। कार्यक्रम में कमलेश खरे, राजेश जैन, संध्या दुबे, सचिन विश्वकर्मा, गोपाल अहिरवार, प्यारेलाल अहिरवार सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बुंदेलखंड क्लस्टर प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने सागर लोकसभा क्षेत्र की बैठक ली

# भाजपा 400 प्लस के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी, सागर लोकसभा सीट पांच लाख मतों से जीतेंगे: भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 400 प्लस सीटों के साथ सरकार बनाने जा रही है। सागर लोकसभा सीट हम 5 लाख मतों के अंतर से जीतेंगे। यह बात बुंदेलखंड लोकसभा क्लस्टर प्रभारी, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सागर लोकसभा की बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। क्लस्टर प्रभारी भूपेन्द्र सिंह ने जिला भाजपा कार्यालय में सागर लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्र से आए भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्य कर्ताओं की बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा तैयार की गई कार्य योजना समझाई और उसे क्रियान्वित करने की रूपरेखा बनाई।





क्लस्टर प्रभारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि भाजपा ने बड़े व्यापक रूप से सटीक योजना के साथ आगामी लोकसभा चुनाव का अभियान शुरू कर दिया है। सभी 543 लोकसभा क्षेत्रों को चुनाव अभियान की दृष्टि से 146 क्लस्टरों में विभाजित कर कार्ययोजना बनाई गई है। तदानुसार मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा क्षेत्रों को 7 क्लस्टरों में विभाजित कर प्रभार दिए गए हैं। सिंह ने स्वयं के प्रभार वाले बुंदेलखंड व सागर संभाग स्तरीय चारों लोकसभा क्षेत्रों की तैयारियों से पत्रकारों को अवगत कराया। सागर व दमोह में लोकसभा क्षेत्र स्तर के कार्यालय आरंभ हो चुके हैं और 31 जनवरी तक टीकमगढ़ व खजुराहो लोकसभा क्षेत्रों के कार्यालय भी आरंभ हो जाएंगे। इसके बाद फरवरी माह के मध्य तक सभी विधानसभा क्षेत्र स्तरीय लोकसभा चुनाव कार्यालय आरंभ कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सागर लोकसभा क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्रों के हाल ही में आए परिणामों के अनुसार हम 7 विधानसभा सीटों पर लगभग डेढ़ लाख मतों से कांग्रेस से आगे रहे हैं। अब 'सियावर रामचंद्र की जय' के उद्घोष और रामराज्य की संकल्पना के साथ हम सागर लोकसभा सीट को 5 लाख मतों से जीतने का लक्ष्य हासिल करेंगे। श्री सिंह ने चुनाव अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर देश के 5 हजार स्थानों पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 'नमो नवमतदाता अभियान' के तहत सम्मेलन किए जा रहे हैं जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं लाइव स्ट्रीमिंग से बड़ी स्क्रीनों के माध्यम से जुड़ कर संबोधित करेंगे। सागर जिले में प्रति विधानसभा क्षेत्र में दो स्थानों व कुल 16 स्थानों पर ऐसे नवमतदाता सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं।

सिंह ने बताया कि 15 जनवरी से 15 फरवरी तक "फिर एक बार - मोदी सरकार" नारा कमल चुनाव चिन्ह के साथ दीवार लेखन होगा। दीवार लेखन अभियान में राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर सभी मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश व जिला पदाधिकारियों के साथ बूथ स्तर तक की समितियों के सभी सदस्य यही नारा व कमल दीवारों पर लिखेंगे।

क्लस्टर प्रभारी सिंह ने बताया कि 4 से 11 फरवरी तक 'गांव चलो अभियान' के तहत सभी भाजपा कार्यकर्ता देश के सात लाख गांवों तक पहुंच कर केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व भाजपा के संकल्पों का संदेश देंगे। 5 से 25 फरवरी तक महिला स्व-सहायता समूहों से संपर्क का अभियान चलेगा और इन समूहों को रोजगार की दृष्टि से किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया जाएगा। सभी भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच से 6 फरवरी व 20 फरवरी को 1300 श्रद्धालुओं को दो विशेष ट्रेनों से अयोध्या लेकर भगवान श्री राम और उनके भव्य दिव्य मंदिर के दर्शन कराने फार्म भरवाएंगे।

## खुरई, मालथौन में नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन आज

**सागर।** पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी नव मतदाताओं से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में 25 जनवरी को इस महत्वपूर्ण सम्मेलन के साथ जुडकर माननीय प्रधानमंत्री के विचारों को सुनें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। ज्ञातव्य है कि 25 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के करोड़ों नव मतदाताओं को संबोधित करेंगे। खुरई विधानसभा क्षेत्र में दो स्थानों पर नमो मतदाता सम्मेलन होगा। खुरई नगर व ग्रामीण मण्डल का सम्मेलन पुराना विधायक कार्यालय, ऑफिसर कॉलोनी में आयोजित होगा। जिसमें सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद राजबहादुर सिंह होंगे। वहीं मालथौन में आयोजित नव मतदाता सम्मेलन में पूर्वमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि होंगे। मालथौन, बांदरी मण्डल का नव मतदाता कार्यक्रम खिमलासा रोड, मालथौन में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। सभी नव मतदाता एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ता अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## बैठक में जनचेतना केंद्र संचालन पर दिया जोर



**टीकमगढ़।** नवभारत साक्षरता अंतर्गत समीक्षा बैठक का आयोजन संकुल केंद्र पठा में समीक्षा बैठक के तहत किया गया। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीएल अहिरवार सहायक अधिकारी संजय अवस्थी, ब्लॉक समन्वयक पूजा श्रीवास्तव, जनशिक्षक किरण खरे, सह समन्वयक संजय सिरवैया के अलावा प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला के प्रभारी भी उपस्थित रहे। बैठक में संजय अवस्थी, पूजा श्रीवास्तव एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने नवभारत साक्षरता को मध्य प्रदेश शासन की योजना बताते हुए असाक्षरों का सर्वेक्षण करने ग्राम स्तर पर कार्य योजना बनाने तथा सामाजिक चेतना केंद्र संचालन पर जोर दिया।

# सफाईकर्मियों ने नपा सीएमओ के खिलाफ खोला मोर्चा कर्मचारियों ने परेशान करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

हमेशा से अपने कार्यकाल के दौरान सुर्खियों में रहने वाली नगर पालिका में पदस्थ सीएमओ गीता मांझी एक बार फिर से सुर्खियों में गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व के पूर्व फिर से आ चुकी हैं। जिनके खिलाफ नपा में पदस्थ सफाई कर्मचारियों ने मोर्चा खोलते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने जहां जाम लगाकर प्रदर्शन किया वहीं एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर उन पर परेशान करने के आरोप लगाते हुए उन्हे हटाए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों ने बताया कि सीएमओ गीता मांझी द्वारा जानबूझ कर परेशान किया जाता है



प्रत्येक माह कार्य करने के बावजूद वेतन काटी जाती है। बताया गया कि मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के आदेशानुसार तारीख एक से पांच तक सभी कर्मचारियों की वेतन देने का प्रावधान है इसके बावजूद वेतन नियमित समय से नहीं मिलती है। सर्दियों के मौसम में कुछ महिला कर्मचारियों को नपा की ओर से गर्म वर्दी दी गई है वह गुणवत्ता विहीन है।



इसके अलावा ज्ञापन में सभी कर्मचारियों ने एक जुटता के साथ सीएमओ का स्थानांनतरण कराने की मांग की है।

इस दौरान सतीश बाल्मीकि, रिषभ बाल्मीकि, राम बाल्मीकि, भानू बाल्मीकि, शीतल बाई, भागवती, विक्रम बाल्मीकि, राधा बाई, सीमा, वती, चन्द्रकांत सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समारोह की फाइनल रिहर्सल हुई संपन्न



**टीकमगढ़।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन के लिए बुधवार को अधिकारियों ने पुलिस लाईन ग्राउण्ड में परेड की फाईनल रिहर्सल करते हुए संपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान ने जहां राष्ट्रीय ध्वज फहराकर वहीं एएसपी सीताराम ससत्या ने परेड का निरक्षण किया। इसके उपरांत फुलड्रेस में जवानों द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। साथ ही विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा की योजनाओं से पिछला वर्ग का हुआ आर्थिक उत्थानः नुना




हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिले की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाअध्यक्ष अमित नुना मौजूद रहे साथ ही अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभरन कुशवाहा ने की।

बैठक में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर फूलमाल्यापर्ण किया गया, जिसके बाद भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी की सरकार द्वारा लगातार जनहितकारी योजनाएं चलाकर अंतिम छोड़ तक के व्यक्ति को लाभ पहुंचाया जा रहा है, पिछड़े वर्ग को भाजपा की योजनाओं से आर्थिक उत्थान तथा युवाओं को वैश्विक मंच प्रदान हुआ है,आज जहां एक ओर भाजपा पार्टी की सरकार में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूरी होकर पूरे विश्व में धर्म जागरण तथा सकारात्मक विश्वास का संदेश दिया है। भाजपा पार्टी की सरकार अपने हर वादे को पूरा निभा रही है और देश की उन्नति को चार चांद लगा रही है तथा आने वाले लोकसभा चुनाव में भी जिले और पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएगा। वहीं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शोभरन कुशवाहा ने कहा कि भाजपा पार्टी की योजनाएं जन-जन तक पहुंच सके इसके लिए हमारे कार्यकर्ता दिन-रात लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें जागरूक बना रहे है, आने वाले लोकसभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग मोर्चा का एक-एक कार्यकर्ता तन -मन-धन से एक मत होकर भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्य करेगा। बैठक में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री संतोष चौरसिया, शंकर कुशवाहा, सूरज रैकवार, राजू विश्वकर्मा, लक्ष्मी चंद्र कुशवाहा, राजीव सोनी, प्रहलाद सिंह दांगी, जिया बाल राय, मनोज, अखिलेश रैकवार, पवन कुशवाहा, रामकुमार विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस का हुआ भव्य आयोजन, बांटे पुरस्कार

# बेटियां बड़े सपने देखकर उन्हें साकार करने का भी प्रयास करें: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को नगर के एक मैरिज गार्डन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला एवं जिला पंचायत सदस्य सुषमा सिंह बुन्देला तथा अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर सरस्वती पूजन तथा कन्या पूजन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिले की समस्त बेटियों के सुखद, समृद्ध और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बेटियाँ शिक्षित हों, बड़े सपने देखें और उसे साकार करें। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक शासकीय विधि महाविद्यालय टीकमगढ़सोमा गुप्ता, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बल्देवगढ़ महक खत्री एवं सब इंस्पेक्टर महिला थाना नीतू खटीक द्वारा रोल मॉडल टाल्क पर




बालिकाओं को उनके अधिकार पर जानकारी देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश मिश्रा, अरविन्द खटीक, अन्य जनप्रतिनिधि, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. ऋजुता चौहान, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं। जिले की खेलकूद, शिक्षा, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभावान बालिकाओं एवं महिलाओं को किया गया सम्मानितकार्यक्रम में टीकमगढ़ जिले की खेलकूद, शिक्षा एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभावान बालिकाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें 14वें फेडरेशन कप सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल मिलने पर स्नेहा यादव तथा हिमांशी रावत, सीनियर स्टेट हॉकी चैंपियनशिप खिलाड़ी दिव्या अहिरवार, एथलेटिक्स सूटपुट ओपन स्टेट में थ्रड प्लेस प्राप्त करने पर आराध्या त्रिपाठी, अरविन्द त्रिपाठी, अंडर 17 स्कूल नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेने पर वर्षा राजा बुन्देला, कक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर नीतू लोधी, अन्नया अहिरवार, कक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर स्वीटी यादव, साक्षी मिश्रा, कक्षा 10 में प्रदेश में तीसरी रैंक प्राप्त करने पर उन्नती अग्रवाल, कक्षा 8वीं में नैना आदिवासी, प्रियंका जोशी, अपसरा ड्राईंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आध्या जैन, कक्षा 10वीं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जागेश्वरी झां, बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जिला स्तर पर गोल्ड मेडल तथा संभाग स्तर पर सिल्वर मेडल विजेता मिनल चौरसिया, कक्षा 5वीं में प्रथम रेंक आने पर रानी कुशवाहा, कक्षा 12 में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सुगन्धा घोष, कक्षा 10वीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पूजा सेन एवं निराश चढ़ार, चित्रकला में दिया खरे, कक्षा 10 में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पीहू नरवरे, कक्षा 12वीं में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर निसिरा चौरसिया, कक्षा 12वीं में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर आशी ठाकुर, कक्षा 12वीं में 72 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर मुस्कान यादव, कक्षा 10वीं में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर रागनी यादव, राज्स स्तरीय ऑलम्पियॉड योग प्रतियोगिता में भाग लेने पर प्रतीक्षा विश्वकर्मा, भावना परिहार, निशा लोधी, निहारिका साहू, भारती कुशवाहा, 12वीं में 476 अंक प्राप्त करने तथा शासन द्वारा 25 हजार रूपये प्राप्त करने पर वैष्णवी श्रौति को पुरुस्कृत किया गया।

इसके साथ ही प्रधानाध्यापक शासकीय विधि महाविद्यालय टीकमगढ़ सोमा गुप्ता, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बल्देवगढ़ महक खत्री एवं सब इंस्पेक्टर महिला थाना नीतू खटीक को स्मृति चिन्ह व पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मेघावी छ्त्राएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवम् महिलाएं उपस्थित रहीं।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 को

**विदिशा।** 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन गुरुवार 25 जनवरी को जिले में किया गया है। कार्यक्रम ऑडिटोरियम हाल में सुबह 11 बजे से होगा। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी-2023 के अवसर पर विभाग प्रमुख अपने मुख्यालय पर समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को सुबह 11 बजे शपथ दिलाई जाएगी। आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार समस्त गतिविधियों को संचालन करते हुये, फोटोग्राफ एवं वीडियो उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## जनसुनवाई में मौके पर ही 22 आवेदनों का निराकरण किया

**विदिशा।** मंगलवार को जनसुनवाई में 47 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर के द्वारा मौके पर 22 आवेदनों का निराकरण किया गया। अपर कलेक्टर डामोर ने शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर व नोडल अधिकारी विष्णुप्रसाद यादव समेत अन्य विभागों के आधिकारियों ने पंक्तिबद्ध बैठकर निराकरण कराया।

# 104 किमी प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ा इंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने महादेवखेड़ी-मालखेड़ी के बीच दोहरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया है, जो कि मूल रूप से बीना-कटनी थर्ड लाइन परियोजना के तहत तीसरी लाइन के रूप में मंजूर हुआ था। यह परियोजना 2017-18 में मंजूर हुई थी। महादेवखेड़ी और मालखेड़ी के बीच दोहरीकरण कार्य 2 वर्ष की अवधि में पूरा किया गया। भोपाल मंडल जनसम्पर्क अधिकारी अनुसार इस सेक्शन को पूरा करने के लिए 13 जनवरी को महादेवखेड़ी बीना अपलाइन में कट कनेक्शन करते हुए नई प्रस्तावित अपलाइन (महादेवखेड़ी-मालखेड़ी) के कार्य के लिए पैकिंग मशीन एवं टावर वैगन को अंदर किया गया और इस कट कनेक्शन को उसी दिन पुनः स्थापित करके महादेवखेड़ी बीना अपलाइन को रिस्टोर किया गया था और 10 दिनों के भीतर पूरे सेक्शन की तीन राउंड पैकिंग का कार्य किया गया। तत्पश्यात बुधवार 24 जनवरी को पुनः स्पीड ट्रायल करने हेतु और आरओआर ब्रिज के डिफ्लेक्शन टेस्ट के लिए डबल इंजन लेने के लिए पुनः कट कनेक्शन किया गया और महादेवखेड़ी बीना अप लाइन को कट करके इंजन




लेने के लिए उसे नई प्रस्तावित अप लाइन (महादेवखेड़ी-मालखेड़ी) में कनेक्ट कर दिया गया एवं 6 घंटे के ब्लॉक में डबल इंजन द्वारा स्पीड ट्रायल 104 किमी प्रति घंटा से किया गया एवं आरओआर (ओपन वेब गर्डर) जो कि पूर्व में 2 अगस्त 22 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था, उसका डिफ्लेक्शन टेस्ट भी इसी 6 घंटे की अवधि में किया गया और महादेवखेड़ी बीना अपलाइन को पुनः रिस्टोर कर दिया गया एवं सुचारु रूप से आवागमन शुरू कर दिया गया है। परियोजना के महत्वपूर्ण कदम के रूप में, डीजल इंजन के द्वारा रेल विकास निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में बुधवार को एक गति परीक्षण प्रारंभ किया गया। इस परीक्षण में डीजल इंजन की अधिकतम गति को 104 किमी/घंटा पहुंची। गति परीक्षण के बाद यह खंड रेल संरक्षा आयुक्त की जांच के लिए तैयार है एवं रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा जांच पूर्ण हो जाने के बाद यह खंड सामान्य ट्रेन संचालन के लिए खोला जाएगा। दोहरीकरण परियोजना का पूरा होने से रेल कनेक्टिविटी में सुधार, ट्रेन संचालन में सुगमता के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी एवं बीना से कोटा खंड के बिजली संयंत्र लिए कोयले की आपूर्ति एवं मालढुलाई की क्षमता में अत्याधिक वृद्धि होगी।

# झांसी को हराकर सागर डिवीजन सेमीफाइनल में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कूषाभाऊ ठाकरे खेल परिसर में खेली जा रही 54वीं अखिल भारतीय कनारा टी-20 प्रतियोगिता के चौथे दिन पहला मुकाबला सागर डिवीजन और झांसी के मध्य खेला गया। अतिरिक्त कलेक्टर राजेश गुप्ता ने आयोजन के लिए व शानदार ग्राउंड के लिए कनारा क्लब को बधाई दी। झांसी की टीम ने टॉस जीतकर सागर टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। शुरुआती झटकों से उभरती हुई सागर की टीम ने कप्तान शांतनु त्रिपाठी की शानदार 47 रनों की पारी अवधेश के 24 और अभिजीत के 20 रनों की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 138 रन बनाएं। नवीन ने चार विकेट लिए। जिसके जवाब में झांसी की टीम 111 रन पर ही सिमट गई। झांसी की ओर से शुभम सिंह ने सर्वाधिक 42रन बनाए। सागर के गेंदबाज विनीत सिंह, एमपी सिंह और सत्यम सिंह ने तीन तीन विकेट लिए।

### शानदार गेंदबाज सत्यम सिंह को मैन ऑफ द मैच

शानदार गेंदबाजी के लिए सत्यम सिंह को मैन ऑफ द मैच पूर्व पार्षद मनमोहन यादव व पत्रकार अटल तिवारी द्वारा दिया गया। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला क्रिकेट परफॉर्मेंस मुंबई और भोपाल डिविजन के मध्य खेला गया। जिसका शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ योगेश भरसट व एडिशनल सीईओ पंकज जैन द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। सीईओ योगेश भरसट ने बताया कि वे इस ग्राउंड पर लगातार खेलने आते रहते हैं और क्लब के लोगों का समर्पण सराहनीय है। इस स्तर के ग्राउंड और आयोजन कम ही स्थान पर हैं। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और लगातार झटकों से जूझ रही मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 90 ही रन बना सकी। भोपाल के गेंदबाज तनिष्क यादव ने तीन, नमन ने दो और आदित्य ने दो विकेट लिए। 90 रन का पीछा करने उतरी भोपाल डिविजन 12वीं ओवर में ही पांच विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल किया। पलाश चौधरी ने शानदार 43 रन की पारी खेली मयंक दुबे और उमर ने मुंबई की ओर से दो-दो विकेट लिए। तनिष्क यादव को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लोधी समाज के जिला अध्यक्ष महेंद्र लोधी द्वारा दिया गया।

# राम कथा के पांचवें दिन राष्ट्रीय कथा वाचक रमा किशोरी का हुआ आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बायपास पर स्थित आकृति परिसर कॉलोनी में 8 वर्षीय अनुष्का पाठक द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा के पांचवें दिन की कथा सुनाई। भक्तों ने भगवान श्रीराम जी के भजनों पर जमकर नृत्य किया।

अयोध्या में भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के ही दिन आकृति परिसर कॉलोनी में भी भगवान श्रीराम सहित अन्य देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं कुंडात्मक श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ हुआ। 11 हजार दीपों से भगवान श्रीराम की भव्य महाआरती की गई। इस दौरान



आकृति परिसर कॉलोनी के संचालक एवं कार्यक्रम आयोजन बंटी रघुवंशी एवं जगदीश रघुवंशी ने कहा की भगवान श्रीराम सबके आराध्य हैं। अयोध्या सहित पूरे भारतवर्ष में जश्न मनाया गया। संगीतमय श्रीराम कथा के पांचवें दिन मंगलवार को श्रीराम कथा वाचिका रमा किशोरी का आगमन हुआ। जिनके भजन राम आएंगे की धुन पर पंडाल में उपस्थित हजारों की संख्या में भक्त जमकर झूमे।

### विद्यालय प्रांगण में प्रभु श्रीराम की महाआरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया

# वात्सल्य के छात्रों ने राम के गीतों पर दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा होने के अवसर पर मंगलवार को वात्सल्य विद्यालय प्रांगण में प्रभु श्रीराम की महाआरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु श्री राम की महाआरती की। कार्यक्रम में संस्था की ओर से आरके अरोरा, संस्था की संचालक देवना अरोरा, नम्रता अरोरा एवं प्रतीक कोहली ने सभी आमंत्रित अतिथि विधायक श्री टंडन, राकेश



शर्मा, मनोज कटारे, अशोक गोयल, संदीप डोंगर सिंह, शैलेन्द्र भदौरिया, अतुल शाह, सुरेश शास्त्री, संजय पुरोहित, राजेश जैन एवं धर्मेन्द्र दांगी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने ''राम आयेंगे- राम आयेंगे मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे राम आयेंगे'' की आकर्षक प्रस्तुति दी। जिसे देखकर अतिथिगणों ने भाव-विभोर होकर करतल ध्वनि से खूब सराहा।

### 500 वर्षों की तपस्या

प्रतिष्ठा महोत्सव के इस अविस्मरणीय क्षण को स्थायी रूप से अपने मानस पटल पर अंकित कर लेने के उद्देश्य से विद्यालय के वार्षिक कैलेंडर 2024 का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। विद्यालय के समस्त छात्रों को कैलेंडर वितरित किए। छात्र, छात्राओं को संबोधित करते हुए अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि 500 वर्षों की कठिन तपस्या एवं सतत संघर्ष के परिणाम से हमें यह अविस्मणीय, अलौकिक क्षण देखने को मिला, जिसके हम सभी साक्षी बने। निष्चित रूप से हम और हमारी आने वाली पीढ़ी मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम के त्याग, तपस्या और उनके आदर्शों को अपने मन एवं हृदय में आत्मसात करते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बनायेगी। जिससे हमारा जीवन और अच्छी तरह धन्य हो सकेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की संचालक देवना अरोरा ने सभी अतिथियों का आभार मानते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

## बीएसएनएल से अपना भवन राजीनामा पर खाली कराने सीएमओ अधिकृत

# परिषद की बैठक में महिला पार्षद की परिषद को बंधक बनाने की नौटंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बुधवार को नगर पालिका परिषद की आपातकालीन बैठक में अजीब नजारा देखने को मिला। परिषद के फैसले से असंतुष्ट दिखाई दी कांग्रेस की महिला पार्षद लक्ष्मी शिवहरे ने उस सभागार में ही ताले जड़ दिए जहां पार्षद बैठक कर रहे थे। पूरी परिषद को बंधक बनाने की इस घटना के बीच जमकर नौटंकी देखने को मिली। अन्य पार्षदों के विरोध को देखते हुए महिला पार्षद ने ताला खोला। बैठक में जय स्तंभ पर स्थित नगर पालिका के भवन को बीएसएनएल से हाईकोर्ट में चल रहे केस को राजीनामा के आधार पर खत्म करने के लिए सीएमओ को अधिकृत करने की सहमति बनाई गई।

हाईकोर्ट में नगर पालिका और बीएसएनएल के बीच भवन खाली कराने को लेकर चल रहे मामले को दोनों ही पक्षों से आपसी समझौता के आधार पर राजीनामा करने की सलाह न्यायालय ने दी है, न्यायालय की इस सलाह पर दोनों ही पक्ष राजी तो हैं, लेकिन नगर पालिका की ओर से इसका फैसला परिषद को करना है। अदालत में नगरपालिका की और से केस सीएमओ द्वारा लड़ा जा रहा है, इसको ध्यान में सीएमओ ने नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग के आदेश से अपातकालीन बैठक बुलाकर पार्षदों को अवगत करा दिया। परिषद ने भी इस बात की सहमति दी कि नपा के स्वामित्व वाला भवन खाली होना चाहिए उसके लिए सम्मानजनक समझौता किया जाए तो कोई हर्ज नहीं है। परिषद की सहमति के बाद सीएमओ बीएसएनल से उक्त भवन को समझौता के आधार पर खाली कराने के लिए अदालत में अपना पक्ष रखेंगे।



### शॉपिंग मॉल के लिए बनाई थी कार्य योजना

जिस भवन को खाली कराने के लिए नगर पालिका बीएसएनल से कोर्ट में केस लड़ रही है उस भवन को नगर पालिका पूर्व में भी कई बार खाली कराकर उस स्थान पर शॉपिंग मॉल बनाने की कार्ययोजना तैयार कर चुकी है। लेकिन भवन खाली नहीं होने के कारण शॉपिंग मॉल बनने की प्रक्रिया अमल में नहीं आ सकी है।

### ये है पूरा मामला

यहां बता दें कि वर्ष 1990 में श्योपुर को भारत सरकार की ओर से बीएसएनएल मोबाइल की सेवा मिली थी, तब इसे बड़ी सौगात और उपलब्धि माना जा रहा था। इस सौगात को शुरू कराने के लिए तात्कालिक रूप से एक भवन की आवश्यकता थी तब शासन प्रशासन के दबाव में नगर पालिका ने जय स्तंभ पर स्थित अपने उसे भवन को 5 हजार रुपए महीने पर बीएसएनल को किराए पर दे दिया, जिसमें नगरपालिका लाइब्रेरी और आयुर्वेदिक औषधालय संचालित करती थी। हालांकि बाद में बीएसएनएल ने अपना कार्यालय केशव नगर कॉलोनी में बना लिया लेकिन नपा के भवन को भी खाली नहीं किया। अपना भवन खाली कराने के लिए नगर पालिका को कोर्ट में जाना पड़ा। नगर पालिका का तर्क था कि भवन उसके लिए जरूरी और बीएसएनएल ने 1990 से किराया नहीं दिया गया है। नगरपालिका ने बीएसएनएल से वर्तमान बाजार दर के हिसाब से 21 हजार रुपए मासिक किराए की मांग की है। बीएसएनल ने न्यायालय में जवाब दिया कि उसके पास किराया अदा करने के लिए पैसा नहीं है वह भवन खाली कर सकता है, लेकिन किराया नहीं देगा। दोनों ही पक्षों के बीच बनी सहमति के बाद बीएसएनएल 5 हजार रुपए मासिक के हिसाब से किराया अदा करने और मार्च तक भवन को खाली करने को तैयार हो गया।


## जीवन में आनंद भर देती हैं श्योपुर की आनंदी माता

# तिल चौथ पर आनंदी माता मंदिर पर सजेगा फूल बंगला, लगेगा छप्पन भोग, होगी महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

तिलचौथ (संकटचतुर्थी) का पर्व 29 जनवरी सोमवार को शहर सहित जिले भर में परंपरागत रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान शहर के सूबात कचहरी स्थित आनंदी माता मंदिर पर महाआरती और छप्पन भोग लगाया जाएगा। शहर के मध्य स्थित पुरानी कचहरी के पास श्री आनंदी माता का मंदिर काफी प्राचीन है। आनंदी माता के दर्शनों मात्र से ही श्रद्धालुओं के जीवन में आनंद भर जाता है।

श्योपुर के सूबात चौराहे पर स्थित आनंदी माता मंदिर काफी प्राचीन है। आनंदी माता का रूप महिषासुर मर्दिनी का है। जिसके दर्शन मात्र से जहां लोगों को तत्काल आत्मिक शांति प्राप्त होती है, वहीं उनके बिगड़े काम भी बन जाते हैं और लोगों के यहां पर आनन्द हो जाते हैं। बताते हैं कि ग्वालियर रियासत के समय करीब डेढ़ सौ साल पूर्व इस मंदिर का नवनिर्माण कराया गया। तब भी यहां पर घोर जंगल होता था तथा मंदिर जमीन की सतह से नीचे था। जहां पर बियावान जंगल होने से शेर भी आया जाया करते थे। इस मंदिर में महिषासुर मर्दिनी के अलावा माता की मूर्ति के ठीक सामने भैरोजी की प्रतिमा है तथा दाहिनी ओर शंकर पार्वती परिवार है। यह भी उतने ही पुराने है जितनी पुरानी माता की मूर्ति एवं मंदिर है। बताया गया है कि पूर्व में नवरात्रा में नवमी की रात्रि को भैंसे की बलि भैरोंजी को दी जाती थी उस समय मां की गर्दन कुछ क्षण के लिये सीधी हो जाती थी। लोगों का मानना है कि अब भी नवमी के दिन कुछ पल के लिए मां की गर्दन सीधी होती है।



### शाम चार बजे से होंगे दर्शन

राज राजेश्वरी आनंदी माता मंदिर पर तिल चौथ पर्व के उपलक्ष्य में 29 जनवरी सोमवार को फूल बंगला सजाया जाएगा और फिर छप्पन भोग लगाया जाएगा। आनंदी माता मंदिर भक्त मंडल के कुशाल शुक्ला ने बताया कि फूल बंगला और छप्पन भोग की झांकी के दर्शन शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक श्रद्धालुओं को हो सकेगे। जबकि रात्रि 8 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

## दोनों बदमाशों पर घोषित था 2-2 हजार का इनाम

# बकरी लूट मामले में फरार चल रहे दो इनामी बदमाश गसवानी पुलिस ने दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बकरी लूट मामले में फरार दो इनामी बदमाशों को गसवानी थाना पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों बदमाशों पर 2-2 हजार का इनाम घोषित था। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से 315 बोर का कट्टा भी बरामद किया गया है। एसडीओपी विजयपुर अतुल सिंह ने बताया कि बकरी लूट मामले में आरोपी हरिसिंह पुत्र कप्तान सिंह गुर्जर निवासी बेहराई थाना निरार तथा तहसीलदार उर्फ तहसीला पुत्र आशाराम गुर्जर निवासी छडेह थाना जौरा फरार चल रहे थे। इन पर दो दो हजार का इनाम भी घोषित था।

पुलिस अधीक्षक विकास पाठक और एएसपी सतेन्द्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में मंगलवार को मुखबिर की एक सटीक सूचना पर गसवानी थाना पुलिस ने दोनों फरार इनामी बदमाशों को घेराबंदी कर दबोच लिया। तलाशी के दौरान एक बदमाश हरिसिंह गुर्जर के कब्जे से एक 315 बोर का कट्टा और दो जिंदा राउण्ड जब्त किए गए हैं। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश कर दिया है। इन दोनों आरोपियों को दबोचने में गसवानी थाना प्रभारी शिवराम कंषाना, सहायक उप निरीक्षक बृजेश शर्मा, वकील सिंह, आरक्षक दशरथ गुर्जर, नीरज, शिवजी रावत आदि की अहम भूमिका रही।



# फुल ड्रेस में हुई फाइनल रिहर्सल, गणतंत्र दिवस पर मंत्री एंदल सिंह फहराएंगे तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाए जाने की तैयारियां जिला प्रशासन ने पूरी कर ली हैa। बुधवार को शहर के वीर सावरकर स्टेडियम में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की फुल ड्रेस में फाइनल रिहर्सल आयोजित हुई। इस मौके पर कलेक्टर संजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। फाइनल रिहर्सल होने के बाद यह तय कर लिया गया कि कौन-कौन से स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी करेगें और विभिन्न विभागों के झांकियां किस क्रम में प्रदर्शित की जाएगी। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में मंत्री एंदल सिंह कंषाना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और तिरंगा झंडा फहराएंगे और फिर सीएम के संदेश का वाचन करेगे।



फाइनल रिहर्सल में उत्कृष्ट स्कूल, कन्या उमावि, केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, अशासकीय सेंट पायस, अल्फा इंग्लिश स्कूल, राजीव गांधी मेमोरियल स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदर्शित की जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का पूर्व प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस बल, बीएसएफ, होमगार्ड सहित विभिन्न स्कूलों के स्काउट गाइड ने मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया। कलेक्टर ने इस प्रदर्शनी मार्च पास्ट में सलामी ली, जिन जिन टीमों का सलेक्शन हुआ है उन्ही टीमों को ही गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में प्रस्तुती की स्वीकृति दी गई है। इस दौरान एसपी विकास पाठक, जिला पंचायत सीईओ अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एडीएम डॉ एके रोहतगी, एसडीएम मनोज गढवाल आदि मौजूद है।

### 27 को तोमर के साथ वारसी करेंगे शॉपिंग मॉल एवं मुसाफ़िर खाना का लोकार्पण

**श्योपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश विधानसभा के स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर 27 जनवरी को श्योपुर पहुंच रहे हैं, वे यहां मप्र हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी (कैबिनेट मंत्री दर्जा) के साथ अंजुमन कमेटी द्वारा बनाए गए शॉपिंग मॉल और मुसाफिरखाना का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी अंजुमन सदर शब्बीर नागौरी में प्रेसनोट जारी कर दी। नागौरी ने बताया कि जामा मस्जिद सब्जी मंडी बावड़ी वाले क्षेत्र में एक करोड़ 70 लाख रूपए लागत से बनाए गए नवनिर्मित शॉपिंग मॉल जिसमें 44 दुकान बनाई गई है एवं मॉल के ऊपर हिस्से में यात्रियों के ठहरने के लिए सर्व सुविधा युक्त 20 कमरों वाला मुसाफिरखाना (धर्मशाला) का निर्माण किया गया है, जिनका लोकार्पण 27 जनवरी को विधानसभा स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर एवं मध्य प्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी करेंगे।



# उत्कृष्ट स्कूल कराहल में लगी प्रदर्शनी, बच्चों ने बनाए मॉडल

## 6 बच्चों का जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शासकीय उत्कृष्ट स्कूल कराहल में बुधवार को खंड स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें जनपद शिक्षा केन्द्र के द्वारा चयनित स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। चयनित स्कूली बच्चे गणित, विज्ञान पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के चार्ट ऑर मॉडल लेकर इस प्रदर्शनी में शामिल हुए। जिनका अवलोकन खंड स्तरीय चयन समिति के पदाधिकारी व शिक्षकों के द्वारा किया गया। इस दौरान कई बच्चों के मॉडल और चार्ट को अवलोकन करने वाले शिक्षकों के द्वारा सराहा गया। बीआरसीसी कराहल अजय रावत ने बताया कि खंड स्तरीय प्रदर्शनी में शामिल हुए बच्चो में से 6 बच्चों का चयन जिला स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए किया गया। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में 27 या 28 जनवरी को आयोजित होगी। इसमें कराहल विकासखंड सहित जिले के तीनों विकासखंडो में आयोजित प्रदर्शनी में चयनित हुए बच्चे शामिल होंगे।

### धीरोली से किशोर लापता, अपहरण का अंदेशा

**श्योपुर।** मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धीरोली के अंतर्गत आने वाले हरनाम चंद का डेरा से एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गया] जिसका कोई अता पता नहीं है। परिजनों ने उसके अपहरण का अंदेशा व्यक्त करते हुए मानपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मानपुर पुलिस ने बताया कि हरनामचंद का डेरा धीरोली निवासी महावीर ओड उम्र 17 वर्ष मंगलवार को बिना बताए घर से लापता हो गया। जिसका कोई अता पता नहीं है। परिजनों ने उसका अपहरण किए जाने का अंदेशा व्यक्त किया है। इस मामले में किशोर के पिता कमल किशोर ओड की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## बालिका दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

# विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएं उनमें छुपी प्रतिभा को निखारने का अवसर: संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा को तलाशने के लिए उन्हें अवसर प्रदान किए जाएं, इसके लिए आपकी पारखी नजर विद्यार्थियों की समझ और पसंद को पहचाने की होनी चाहिए। यह बात कलेक्टर संजय कुमार ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कलेक्टर प्रांगण में 'अपनी कल्पना को आकार दें' कार्यक्रम के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उदबोदन देते हुए कही।

दोपहर 12.30 बजे से शुरू हुई प्रतियोगिता में एक हज़ार से अधिक बालक, बालिकाओ ने भागीदारी की, जिसमें बालिकाओं की संख्या अधिक रही। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित उद्यान में दोपहर 12.30 बजे से। 'अपनी कल्पना को आकार दें' विषय पर आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में कनिष्ठ जूनियर वर्ग (कक्षा 1 से 5), जूनियर वर्ग (कक्षा 6 से 8), सीनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) तथा वरिष्ठ सीनियर वर्ग (महाविद्यालयीन विद्यार्थी) में आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता में स्कूली विद्यार्थियों के अलावा अन्य बालक, बालिकाओ ने भी अपनी आयु अनुसार निर्धारित वर्ग में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया।



### कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन, शिक्षक नागर को दोबारा पदस्थ करने की मांग

**श्योपुर।** जनसुनवाई में मिली शिकायत के आधार पर सोंईकलां हाई सेकंडरी स्कूल से दांतरदा के स्कूल में ट्रांसफर किए गए शिक्षक धनराज नागर के समर्थन में कर्मचारी कांग्रेस ने लामबंद होकर बुधवार को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें शिक्षक धनराज नागर पर लगाए गए आरोप निराधार बताए गए हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शिक्षक नगर सद्भावना प्रिय शिक्षक हैं जिसके नवाचार से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कुछ लोगों ने उनके खिलाफ धार्मिक आधार पर भेदभाव करने के आरोप लगाते हुए जो शिकायत की है वह निराधार है। कुछ लोग जो खुद धार्मिक आधार पर भेदभाव करते हैं उन्हीं लोगों ने धार्मिक भेदभाव का ज्ञापन सौंपा है की गई शिकायत के आधार पर धनराज नागर पर की हुई कार्रवाई को तुरंत निरस्त की जाए।




## मॉनीटरिंग टीम ज्वाला के पास पहुंची तो म्याऊ म्याऊ करते दिखे चार शावक

# कूनो में बढ़ रहा चीतों का कुनबा, मादा चीता ज्वाला ने तीन नहीं, चार शावकों को दिया है जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों का कुनबा बढ़ना शुरू हो गया है। दूसरी बार खुशी खबरी देने वाली मादा चीता ज्वाला ने तीन नहीं बल्कि चार शावकों को जन्म दिया है। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बुधवार को एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की है। हालांकि पहले तीन शावकों को जन्म देने की बात कही गई थी, लेकिन अब 4 शावकों को जन्म देने की बात कही जा रही है। कहा जा रहा है कि चीतों की मॉनीटरिंग के लिए अधिकृत टीम जब बाडे में बंद मादा चीता ज्वाला के नजदीक पहुंची तो वहां तीन नहीं,बल्कि चार शावक म्याऊ म्याऊ करते दिखे हैं।

बता दें कि मादा चीता ज्वाला ने मार्च 2023 में चार शावकों को जन्म दिया था। हालांकि चार शावकों में से तीन शावकों की मौत हो गई है। लेकिन चौथा शावक पूरी तरह स्वस्थ्य है, जो बाडे में खूब उछल कूद कर रहा है। 10 महीने बाद मादा चीता ज्वाला ने एक बार फिर शावकों को जन्म देने की नई खुश खबरी दी है। इस बार भी मादा चीता ज्वाला ने चार शावकों को ही जन्म दिया है। बताया गया है कि चारो शावक पूरी तरह से स्वस्थ्य है। इसका अच्छे से पता मॉनीटरिंग टीम ने चिकित्सकों के साथ मादा चीता ज्वाला के नजदीक जाकर कर लिया है।



### केन्द्रीय मंत्री ने साझा की जानकारी, सीएम भी कह चुके 21 हो गए चीते

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था कि ज्वाला ने तीन शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को फिर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि "वन्यजीवन का अचरज! अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले वन्यजीव योद्धा किसी तरह ज्वाला के करीब पहुंच पाए, उन्होंने पाया कि उसने तीन के बजाय चार शावकों को जन्म दिया है। इसने हमारी खुशी कई गुना बढ़ा दी है। सभी को बधाई!" उधर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को ही कह चुके हैं कि कूनो नेशनल पार्क में चीतों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है।

### अब वीरा से मिल सकती है खुश खबरी

कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता वीरा से खुश खबरी मिलने की उम्मीद की जा रही है। क्योंकि वर्तमान में मादा चीता वीरा कूनो के खुले जंगल में विचरण कर रही है और उसके साथ नर चीता पवन भी स्वच्छ विचरण कर रहा है और वह मादा चीता वीरा के साथ नजदीकियां बढा रहा है। कूनो अमले की माने तो नर चीता पवन और मादा चीता वीरा की मेटिंग सफल रही है। हालांकि इसकी अधिकृत पुष्टि कोई नहीं कर रहा है,लेकिन उम्मीद की जा रही है कि सफल मेटिंग का परिणाम आगामी कुछ महीनों में मादा चीता वीरा से खुश खबरी के रूप में मिल सकती है। यहां बता दें कि नर चीता पवन के साथ मादा चीता आशा और ज्वाला की मेटिंग हुई है। जिसके चलते ही एक बार आशा और दो बार मादा चीता ज्वाला मां बन चुकी है। अब अगली बारी मादा चीता वीरा की लग रही है।

### कूनो पार्क में अब हो गए 21 चीते, इनमें 8 शावक

मादा चीता ज्वाला के द्वारा 4 शावको को जन्म दिए जाने के बाद कूनो नेशनल पार्क में अब कुल चीतों की संख्या 20 से बढ़कर 21 हो गई है। जिनमें 8 शावक है। यहां बता दें कि मादा चीता ज्वाला एक शावक पहले का मौजूद है। जिसे मिलाकर अब मादा चीता ज्वाला के 5 शावक हो गए है। वहीं मादा चीता आशा के तीन शावक है। जिन्हें मादा चीता आशा ने दिसंबर के अंतिम सप्ताह में जन्म दिया था। जिसकी जानकारी 3 जनवरी को कूनो पार्क से बाहर आई थी। इस तरह कूनो में अब 8 शावक और 13 बडे चीते सहित कुल 21 चीते हो गए हैं।

### इनका कहना है

पहले तीन शावकों का ही पता चला था, लेकिन जब मॉनीटरिंग टीम मादा चीता के नजदीक पहुंची तो वहां 4 शावक दिखे हैं। चारों शावक पूरी तरह स्वस्थ्य है। जिनकी निगरानी की जा रही है। अब कूनो में 8 शावक हो गए हैं।

**उत्तम कुमार शर्मा**
**संचालक सिंह परियोजना शिवपुरी**



### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मनाई दिवाली, दूसरे दिन की गोवर्धन पूजा

**सोंईकलां।** अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास जिले में चारो तरफ छाया हुआ है। श्योपुर के नजदीक कस्बे सोंईकलां में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर घर दीप जलाकर दिवाली मनाई गई। वहीं दूसरे दिन गोवर्धन पूजा भी की गई। कस्बे के गौड़ मोहल्ले में धर्मप्रेमी महिलाओं ने गोबर का गोवर्धन बनाक उसकी पूजा की गई और दीपक जलाए गए। इस मौके पर शुभम शर्मा, विनोद मीणा, देवकीनंदन गौड़, मयंक शर्मा, राहुल गौड़, जीतू गौड़, विष्णु शर्मा, मुकेश गौड़, सुरेश गौड़, मनोज गौड़ सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पक्षकार मुबारिक अली पुत्र असगर अली निवासी फक्कड चौराहा वार्ड नं. 14 जिला श्योपुर म.प्र. मय परिवार निवास करता है हमारे पक्षकार का सबसे छोटा पुत्र इकबाल उर्फ राजा का व्यवहार अपने परिवार के प्रति ठीक नहीं है वह नशा पत्ता करता है और आए दिन लड़ता झगडता रहता है इस कारण हमारा पक्षकार और उसका परिवार परेशान रहता है। इन्ही परेशानियों के चलते हमारे पक्षकार ने अपने छोटे पुत्र इकबाल उर्फ राजा से सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और उसे परिवार से बेदखल कर दिया है तथा अपनी जायदाद से भी बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किये गये सिकी भी कृत्य की जिम्मेदारी हमारे पक्षकार की नहीं है हमारे पक्षकार का छोटा पुत्र इकबाल उर्फ राजा अपने कृत्यों के लिये तथा स्वंय द्वारा लिये गये ऋण के लिए स्वंय जिम्मेदार होगा तथा उसके द्वारा लिये गये ऋणो के लिऐ हमारा पक्षकार उत्तरदायी नहीं होगा। अतः सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि इकबाल उर्फ राजा पुत्र मुबारिक अली निवासी फक्कड चौराहा वार्ड कमांक 14 जिला श्योपुर म.प्र. को किसी भी प्रकार का ऋण, सामान इत्यादि ना देने न ही उसके साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार रखें।

भवदीय
एस.एम. अली एडवोकेट श्योपुर
जिला श्योपुर म.प्र., मो. नं. 7999033949

## खबर संक्षेप

### राजपुर में क्रिकेट स्पर्धा का हो रहा आयोजन

**राजपुर।** राजपुर मैं जेवी आर्मी द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ वुधवार सें हो रहा हैं यह टूर्नामेंट करमसी सड़क मार्ग के पास हेलीकॉप्टर ग्राउंड में रखा गया हैं। जिसमें पहला पुरस्कार 21000 , दुसरा पुरुषकार 11000 रखा गया हैं। यह दोनों पुरुस्कार विधायक हरिवावू राय द्वारा भेंट किये जायेंगे। यह जानकारी शमीम खान ने दी। वताया जा रहा हैं कि इसमें कुल 32टीम भाग ले सकती हैं टूर्नामेंट की इंट्री फीस 1100 रुपये रखी गई हैं। इस टूर्नामेंट में जिला स्तर टीम कै तीन खिलाड़ी भाग ले सकते है । बाकी खिलाड़ी ग्राम पंचायत स्तर के होना चहिए। आधार कार्ड से टूर्नामेंट में खिलाड़ियों कों लिया जायगा। जिला स्तर के तीन खिलाड़ी से अधिक नही लिए जायेंगे। टूर्नामेंट का आयोजन हर्षवर्धन राय अशोकनगर कुश यादव, डॉ रामपाल यादव, शमीम खान , कपिल यादव सेमरा आदि के द्वारा किया जा रहा है।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम बांसखेडी निवासी आरती पत्नि सर्जन कटारिया उम्र 22 साल ने अज्ञात कारणो के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कलश यात्रा के साथ प्रज्ञा पुराण कथा आरंभ

**अशोकनगर।** 24 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा की कलश यात्रा 24 जनवरी सुबह 9 बजे गायत्री मंदिर अशोकनगर से प्रारंभ की गई। जो अस्पताल तिराहा से बाईपास रोड, महात्मा बाड़ा रोड होकर, शर्मा डिस्क वालों के निवास से बाड़े के पीछे से होकर राव माधव विद्यालय वाले रोड से निकलकर कर श्री युगल सरकार मन्दिर से रघुवंशी धर्मशाला पहुंची। दिनांक 25 से 27 जनवरी तक प्रतिदिन प्रात 9 से 12 बजे तक गायत्री महायज्ञ संपन्न होगा तथा 27 को महायज्ञ की प्रसादी भंडारा होगा। गायत्री परिवार ट्रस्ट एवं गायत्री नहायज्ञ आयोजन समिति सर्व समाज से यज्ञ कर्म में भाग लेने का आह्वान करती है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का स्थान परिवर्तित

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में 14 वॉ राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी 2024 को प्रात 11 बजे से शासकीय नेहरू महाविद्यालय ऑडिटोरियम हॉल अशोकनगर में किया गया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज



**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बगनरी निवासी दलवीर यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी लवकुश अंकेश,जगदीश कलावती यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बर्री निवासी राजपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी जीवन अहिरवार निवासी बर्री ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले पिपरई के थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मक्तनखेडी निवासी अजय यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी लालाराम नरेश रामबली यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से रामबकील यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जगभान यादव गुमान सिंह यादव उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया देवत निवासी गोपाल गोस्वामी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी गोपाल यादव,दिलीप यादव धनपाल यादव पंकज शर्मा ने उससे उसके घर मे घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

### मंदिरों में की रोशनी, जलाए दीपक और एक-दूसरे को दी भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा की बधाई

# जैन धर्मावलंबियों ने धूमधाम से मनाया भगवान राम का प्रतिष्ठा महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

अयोध्या में भगवान रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर जैन समाज में भी अपूर्व उत्साह का वातावरण देखने को मिला है। कोर्ट रोड स्थित पाश्र्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर में भगवान रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समाज के अध्यक्ष तेजमल सांखला के नेतृत्व में धर्मावलंबी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने भगवान की महिमा का गान किया और कहा कि यह अवसर देश का मान बढ़ाने वाला है और इससे धर्म भावना में अभिवृद्धि होगी। भगवान राम तीर्थंकर थे और ऐसे सिद्ध बुद्ध भगवान राम की प्रतिमा की उनकी जन्म स्थली पर प्राण प्रतिष्ठा से हिन्दू संस्कृति का पुर्नउत्थान होगा। इसके बाद धर्मावलंबियों ने एक दूसरे को बधाई दी।

जैन समाज द्वारा जारी प्रेस बयान में बताया गया है कि इस अवसर पर घर-घर में उत्साह का वातावरण रहा। लोगों ने अपने घर पर उत्साहपूर्वक इस अवसर का आनंद उठाया। घर-घर में मिष्ठान बने और नए कपड़े पहनकर भगवान राम की जय-जयकार की गई। जैन मंदिर में आकर्षक आंगी सजाई गई। रात्रि में जैन मंदिर में सुंदर लाइटिंग की गई और दीप जलाकर इस अवसर का अभिवादन किया गया।

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी में भाजपा नेताओं ने की समाजसेवा

अयोध्या में भगवान रामलला की प्रतिष्ठा के पश्चात खुशी में भाजपा नेताओं ने शिवपुरी में समाजसेवी की और मुख्य चौराहों, कॉलोनियों तथा गरीब बस्तियों में जाकर मिष्ठान का वितरण किया। भाजपा नेताओं ने इस अवसर पर एक दूसरे को बधाईयां दीं और खुशी में वह हर्षातिरेक में जमकर नाचे। वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश बंजारा, पूर्व पार्षद छत्रपाल सिंह गुर्जर, प्रेमनारायण लोधी के नेतृत्व में यह समाजसेवा की गई।





रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में जगह-जगह भंडारे और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम चले। पूरा देश भगवा रंग में रंग गया था और शिवपुरी भी इससे अछूती नहीं रही। लोगों में इतना उत्साह था कि सुबह से मंदिरों में पूजा पाठ प्रारंभ हो गया था। गली और मोहल्लों में प्रभातफेरियां निकाली गईं और भगवान राम के जय-जयकार के नारे लगाए गए। लोग अच्छे-अच्छे कपड़े पहनकर घरों से बाहर निकले और राम की आराधना में जुटे रहे। युवाओं में इस अवसर पर खासा उत्साह देखने को मिला। युवाओं की टोली भगवा ध्वज लेकर गली-गली घूम रही थी और शहर में चारों ओर जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे। शहर में कोई भी स्थान ऐसा नहीं था कि भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न ना मनाया जा रहा हो। मंदिरों में सुंदरकाण्ड सहित भजन संध्या के आयोजन दिनभर चलते रहे। रात्रि में आकर्षक विद्युत सजावट से पूरा शहर जगमगाता रहा।

---

# प्लॉट का नामांतरण कराने पहुंची महिला तब कॉलोनाईजर का फर्जीवाड़ा उजागर

### पुलिस ने कॉलोनाईजर के खिलाफ धोखाधड़ी का एक और मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर के प्रतिष्ठित कॉलोनाईजर माने जाने वाले राजीव गुप्ता की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। उनके खिलाफ धड़ाधड़ धोखाधड़ी के मामले दर्ज हो रहे हैं। इसी कड़ी में महिला दीपिका पत्नि गगन पराशर की शिकायत पर उनके विरूद्ध कोतवाली शिवपुरी में भादवि की धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरियादी महिला को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता तब चला जब वह राजरियल इस्टेट के संचालक राजीव गुप्ता से प्लाट खरीदने के बाद नामांतरण कराने के लिए पटवारी के पास पहुंची तब पटवारी दिनेश शिवहरे ने उन्हें अवगत कराया कि उक्त



सर्वे नमबर में कोई जगह खाली नहीं है तथा उसकी रजिस्ट्री कॉलोनाइजर राजीव गुप्ता ने किसी अन्य के नाम भी करा दी है। जिसका नामांतरण पूर्व में हो हो चुका है।

जलसा मैरिज गार्डन निवासी 31 वर्षीय महिला दीपिका पराशर ने बताया कि उसने कॉलोनाइजर राजीव गुप्ता से वार्ड क्रमांक 1 में भूमि सर्वे नम्बर 56/1/1 एवं /1/2 के भाग का प्लाट 5 लाख 86 हजार रूपए में खरीदा था। जिसका ई पंजीयन नम्बर एमपी 392922022र1986850 है। दीपिका ने बताया कि प्लॉट खरीदने के बाद उसने नामांतरण के लिए पटवारी से संपर्क किया। पटवारी ने दस्तावेजों की जांच कर बताया कि उक्त सर्वे नम्बर में जगह न होने के कारण नामांतरण नहीं होगा। पटवारी ने यह भी बताया कि राजीव गुप्ता ने उक्त सर्वे नम्बर के प्लाट को पहले से ही अन्य लोगों को बेच दिया है। जिस प्लॉट का आप नामांतरण कराना चाहती है। उस जगह का रकबा तो खत्म हो गया है। यह सुनकर फरियादी महिला को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हो गया। इसके बाद उसने कॉलोनाईजर राजीव गुप्ता से संपर्क स्थापित किया और कहा कि जो प्लाट मुझे बेचा गया है उसकी रजिस्ट्री पहले ही किसी अन्य के नाम हो चुकी है। इसलिए उसकी राशि उसे वापस दिलाई जाए। महिला का कहना है कि कॉलोनाईजर ने उसकी राशि वापस करने से इन्कार कर दिया और उसके साथ अभद्र व्यवहार भी किया। तब महिला ने कॉलोनाइजर पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। कॉलोनाइजर के विरूद्ध इसके पूर्व भी दो मामले धोखाधड़ी के दर्ज हो चुके है।

## बढ़े सर्दी-जुकाम के रोगी निमोनिया का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

बच्चों को गर्म कपड़ों से ढंक कर रखें जिला अस्पताल में बार-बारबदल रहे मौसम के चलते मरीजोंकी संख्या में इजाफा हो गया है। यहां बच्चों में निमोनिया कीशिकायत फिलहाल ज्यादा बनीहुई है। क्योंकि सर्द मौसम सेबच्चे इसका शिकार हो रहे हैं।हालात यह है कि एक हजार तकरहने वाली जिला अस्पताल कीओपीडी अब दो से ढाई हजारतक पहुंच गई है।

जुकाम व खांसी केमरीजों की संख्या ज्यादा है। यहांनिमोनिया के केस भी लगातारबढ़ रहे हैं। जिन्हें अस्पताल मेंभर्ती किया जा रहा है। जिलाअस्पताल में वर्तमान में मरीजोंकी कतारें लगी हुई है। डॉक्टर्सकी मानें तो फिलहाल बच्चों कोसुबह-शाम के समय में गर्मकपड़े पहनाएं रखें और ताजाभोजन कराने के साथ ताजा पानीदें। जिससे वह इस सर्दी से बचेरहें। इसके अलावा गर्म भोजन हीकराएं।

जिले में मौसम में फेरबदल लगातार बना हुआहै, जिसमें सर्द हवाओं के चलते एक बार फिरतापमान में गिरावट दर्ज की गई है। यहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम रहा। जबकि अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्जकिया गया। तापमान में आ रहे इस उतार-चढ़ावके कारण जिला अस्पताल में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वहीं बच्चे निमोनिया कीगिरफ्त में आ रहे हैं।मंगलवार को सुबह से तेज धूप खिली,? जिसनेतेज सर्दी से लोगों को राहत दी। लेकिन शामकरीब 6 बजे के बाद मौसम में बदलाव हो गया।जहां सर्द हवाओं के चलते गलनभरी सर्दी शुरू होगई। इससे लोग दो दिनों से परेशान बने हुए हैं।अचानक से शाम को बदल रहे मौसम के चलतेलोगों को खासा परेशान होना पड़ रहा है। यहांसर्द हवाओं की रफ्तार करीब 10 किमी प्रतिघंटारही। हालांकि बीते दो दिनों से सुबह के समय मेंकोहरा नहीं छाने से फिलहाल राहत है। लेकिनशाम को चल रही सर्द हवा से लोग ठिठुरने कोमजबूर हो रहे हैं। तापमान में यह उतार-चढ़ावअब लोगों की सेहत पर विपरीत असर डाल रहाहै। मंगलवार को अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान मेंयहां सामान्य की तुलना में 5 डिग्री की कमी रही।वहीं अधिकतम तापमान सामान्य ही दर्ज कियागया। अभी जनवरी माह में सर्दी का दौरफिलहाल जारी रहेगा। दिन में राहत, शाम को रहेगी गलनभरी सर्दी शिवपुरी में दो दिनों बाद फिर से कोहरा छाने के आसार बताए जा रहेहैं। मौसम विभाग के विशेषज्ञों की मानें तो यहां उत्तरी सर्द हवाओं केचलने से न? सिर्फ गलनभरी सर्दी बढ़ेगी बल्किइससे कोहरा भी बढ़ेगा। यहां दिन के समय में भीदो दिनों के बाद बादल छाने का अनुमान है।फिलहाल दो दिनों तक सर्दी से दिन के समय में राहत रहेगी और शामको सर्द हवाओं के चलने से गलनभरी सर्दी पड़ेगी। जिसे लेकरमौसम विभाग उत्तरी हवाओं का सक्रिय होना बता रहा है। शहर में शाम के समय अलाव कासहारा ले रहे लोगशाम के समय बदल रहे मौसम के बीचशहर में लोग चौराहों, अस्पताल, बस स्टैंडऔरा रेलवे स्टेशन पर अलाव के सहारे नजरआ रहे हैं। यहां लोग सर्दी से बचने के लिएबाजार में अलाव की तपिश ले रहे हैं ताकिसर्दी से बचा जा सके। वहीं घरों में भी लोगहीटर, अलाव के सहारे ही रह रहे हैं। क्योंकियहां शाम व रात के समय में सर्द हवाएंलोगों को ठिठुराने का काम कर रही हैं।जिससे लोगों बेहद परेशान बने हुए हैं।

# रोड किनारे खड़ी लोडिंग में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

बदरवास के म्याना के पास एक ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी लोडिग़ गाड़ी को टक्कर मार दी जिससे लोडिग़ का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए शिवपुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।



जानकारी के अनुसार विजय सिंह जाटव निवासी मोहराई अपने लोडिंग वाहन को लेकर कोलारस से गुना की ओर जा रहा था जहां म्याना से पहले उसका वाहन पंचर हो गया। जिसे देखने के लिए विजय लोडिंग से उतरा और टायर चैक करने लगा तभी पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक लोडिंग से आकर भिड़ गया इस दुर्घटना में विजय गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। बाद में पीछे से आ रहे उसके साथियों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद उसे गंभीर हालत में बदरवास स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आए जहां से उसे शिवपुरी रैफर कर दिया।

### पीएम आवास घोटाले में लिप्त सीएमओ सहित पांच पर लोकायुक्त में मामला दर्ज

**शिवपुरी।** पीएम आवास अपात्र हितग्राहियों को देने के मामले में लिप्त पाए गए सीएमओ उपयंत्री, राजस्व निरीक्षक सहित पांच कर्मचारियों पर लोकायुक्त में मामला दर्ज किया गया है। आगामी कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन के प्रमुख सचिव को लोकायुक्त द्वारा पत्र भी भेजा गया है। यह सभी कर्मचारी नरवर नगर परिषद के हैं।फरियादी देवेन्द्र चौरसिया निवासी सिद्धेश्वर कॉलोनी शिवपुरी ने लोकायुक्त भोपाल में शिकायत दर्ज कराई थी कि गलत तथ्यों एवं गलत कागजों के आधार पर वार्ड क्रमांक 6 निवासी हितग्राही हरिवल्लभ चौरसिया, हितग्राही संतोष चौरसिया और वार्ड क्रमांक 12 के हितग्राही रामेश्वर चौरसिया, हितग्राही मुकेश सक्सेना को पीएम आवास का लाभ दिया गया है। जबकि इनके पास भू स्वामी के कागजात ही नहीं है। ऐसे में उन्हें साढ़े 8 लाख रूपए की राशि नगर पंचायत अफसरों ने जारी कर दी है। इसमें लोकायुक्त पुलिस ने संज्ञान लेते हुए प्रकरण दर्ज कर दोषी पाए गए अधिकारी तत्कालीन सीएमओ द्वारिका प्रसाद शर्मा, प्रभारी सीएमओ अशोक कुमार यादव, संतोष सैनी, तत्कालीन सहायक निरीक्षक, संविदा कर्मचारी दीपक खटीक और अरविन्द शर्मा को के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। उनके विरूद्ध आरोप है कि उन्होंने निकाय को साढे 8 लाख रूपए क्षति पहुंचाई है।

## छिपोन में शोभायात्रा निकाली



**अशोकनगर।** छीपोन पी एम शाला कों सजाया गया वही ग्रामीण क्षेत्र की पंचायतों कै गांवों में भी शोभा यात्रा निकाली गई। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कै मौके पर छीपोन पचयात में ग्रामीण महिलाओं ने शोभा यात्रा निकाली। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि इकवाल खां ने गांव वासियों का सम्मान किया । वही प्राचार्य कृष्णभान सिह यादव ने कहा की हमनें स्कूल विल्डिंग कों इस मौके पर लाईट झालरों से सजाया। आमखेड़ा पंचायत के सरपंच गोरेलाल कुशवाहा ने वताया कि हमारे गांव में भी आनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। वमोरा पंचायत के प्रतिनिधि बिकास सेन वताया कि मन्दिरों में धार्मिक आयोजन किया। रेपरी पंचायत कै सरपंच प्रतिनिधि इंद्रजीत यादव ने वताया कि हनुमान मंदिर पर आयोजन किया गया रातीखेडा से पंडित जी चंद्र मोहन शर्मा ने कहां कि गांव में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह किया गया । सेमरा वमोरा पंचायत कै सरपंच परमाल सिंह महूआलमपुर कै सरपंच आदि ने बताया कि हर ग्राम पंचायत कै छोटे वडे गांवों में उत्साह कै साथ धार्मिक आयोजन किये गय रामायण पाठ हनुमान चालीसा अखंड राम धुन कै साथ उत्सव मनाया गया।

### गांव से आई शोभायात्रा का तीर्थ कमेटी ने किया स्वागत

# राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा पर बांटे प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अंचल के सबसे बड़े तीर्थ श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र दर्शनोदय तीर्थ थूवौनजी में श्सवत तीर्थ अयोध्या जी भगवान श्री राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई एवं तीर्थ क्षेत्र के नवीन कार्यलय में शुभ मुहूर्त में कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई प्रचारमंत्री विजयधुर्रा अविनाश धुर्रा मंडल संयोजक रोहित सिघई धन्नजय मोहरी संजय गीत गंगा महावीर वेलई मनीष महू सहित अन्य भक्तों ने कलश पूजन किया तदउपरान्त श्री भक्तावर जी का पाठ किया



भक्तों को किया प्रसादी वितरण

क्षेत्र कमेटी द्वारा इसके बाद प्रभु श्री राम के मन्दिर में विराजमान होने के साथ सीधे प्रसारण के पूर्ण होते ही क्षेत्र के बाहर भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया इसके साथ ही थूवोन ग्राम से आई रामभक्तों का स्वागत क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई अविनाश जैन ने किया

**प्राण प्रतिष्ठा के बाद हम भगवान श्री राम के पथ पर चलने का संकल्प लें-विजय धुर्रा**

इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आज का दिन भारत वासियों के लिए बहुत विशेष है हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी श्री राम की प्रतिष्ठा कर रहे हैं और हम भारत वासी ये संकल्प लें रहे हैं कि हम भगवान श्री राम के मार्ग पर चलकर सबके साथ हिल मिल कर भगवान श्री राम चन्द्र जी के सिद्धांत को आगे बढ़ाते हुए रामराज की अवधारणा को पूरा करने के लिए काम करने संकल्प लें रहे हैं कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ और मंगलमय है इस मांगलिक अवसर आप सभी को कमेटी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं इस दौरान सोमवार मंडल ने अतिथियों का बहुमान किया।

### नशीले पदार्थ से किया ट्रैक्टर चालक को बेहोश

**शिवपुरी।** दिनारा थाना क्षेत्र के छीतीपुरा में तीन लोग ट्रैक्टरकिराए पर लेकर गए। रास्ते में ड्राइवरको हलवे में नशीला पदार्थ खिलाकर ट्रैक्टर लेकरफरार हो गए। इस मामले में एक माह पहले पुलिस कोआवेदन दिया, जिस पर पुलिस ने अब जांच पूरी करकायमी की है। छीतीपुरा निवासी ज्ञान सिंह (55) पुत्र विक्रम लोधी ने पुलिस को बताया कि 27 दिसंबर को उसके बेटेसंजय के पास तीन लोग आए। जिन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन के लिए बॉक्स लेकर आने है। इस पर संजय ने ट्रैक्टर किराए से ले जाने के लिए 2800 रुपए तय भी कर लिए और ट्रैक्टर लेकर तीनों लोग के साथ चला गया। जब वह आरटीओ बैरियर के पासपहुंचे तो तीनों आरोपियों ने खाना खाने की बातकहकर एक होटल पर ट्रैक्टर रुकवाया। जहां तीनों ने गाजर का हलवा लिया और ट्रैक्टर लेकर गए संजय को भी दिया। हलवे में नशीला पदार्थ होने के कारण संजय वहीं होटल पर सोता रह गया और तीनों ट्रैक्टर लेकर फरार होगए।